# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR


**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (07.01.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 07.01.2025, PAGE-04

### ईस्टजोन प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

मुजफ्फरपुर। कोलकाता के निवेदिता विवि में होने वाले ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार को बीआरएबीयू की 52 सदस्यीय सांस्कृतिक टीम रवाना हुई।

विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने टीम को रवाना किया। उन्होंने छात्रों की तैयारी की समीक्षा करते हुए उनकी सहराना की। टीम का नेतृत्व प्रो. इंदुधर झा, मैथिली विभाग एवं डॉ. महजबीन प्रवीण, रामेश्वर सिंह कॉलेज करेंगे। टीम 9 से 11 जनवरी तक कोलकाता में विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति देगी। मौके पर प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय, प्रो. आलोक प्रताप, डॉ. पयोली, डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, डॉ. शिवशंकर मिश्रा, सुजीत कुमार, चंदन कुमार थे।



सोमवार को ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना होने से पूर्व वीसी के साथ विवि की सांस्कृतिक टीम।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 07.01.2025, PAGE-04**



शैक्षणिक और भौगोलिक परिभ्रमण में शामिल विवि के भूगोल विभाग के विद्यार्थी।

## भूगोल के छात्रों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू पीजी भूगोल के चौथे सेमेस्टर (सत्र 2022-24) के विद्यार्थी तीन दिवसीय नालंदा खंडहर, राजगीर और ककोलत, नवादा के शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इसका नेतृत्व विभाग की सीनियर प्रोफेसर (डॉ.) रूपा कुमारी और डॉ. आईदा इला सीमा केरकेट्टा ने किया। तीन से पांच जनवरी तक हुए परिभ्रमण में विभाग के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 07.01.2025, PAGE-04**

### सफल रजिस्ट्रेशन के बाद सभी शिक्षण संस्थाओं को ऑनलाइन भेजी गई जानकारी

# वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन से जुड़ा विवि, शोध जर्नल आसानी से मिलेंगे

**हि विशेष**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि समेत सूबे के सभी विश्वविद्यालय केंद्र सरकार की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना जुड़ गए हैं। विश्वविद्यालयों के अलावा एमआईटी को भी योजना से जुड़ गया है। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की तरफ से सभी शिक्षण संस्थाओं को रजिस्ट्रेशन सफल होने के बाद जानकारी ऑनलाइन भेजी गई है।

एमआईटी के रजिस्ट्रार प्रो. रजनीश कुमार ने बताया कि वन नेशन वन सबस्क्रिप्शन योजना से विश्वविद्यालय व एमआईटी के जुड़ने से अब रिसर्च जर्नल केंद्र सरकार से ही मिल जाएगा। बीआरएबीयू के विकास अधिकारी डॉ. रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि काफी प्रयास के बाद विवि वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना में रजिस्टर्ड हो गया है। यह विवि के लिए गर्व की बात है। इससे विद्यार्थियों को फायदा होगा।

बीआरएबीयू के विकास अधिकारी ने बताया कि अब तक शोध जर्नल को अलग-अलग जगहों से खरीदना पड़ता था। इसमें विवि के हजारों रुपये खर्च होते थे। बीआरएबीयू के वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन में निबंधित हो जाने के बाद सीधे केंद्र सरकार से ये रिसर्च जर्नल मिल जाएंगे। जल्द ही सरकार की ओर से छात्रों को मुफ्त में रिसर्च जर्नल दिए जाएंगे। एमआईटी के रजिस्ट्रार डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि एमटेक के छात्रों को रिसर्च जर्नल मिलने से उनको उनके प्रोजेक्ट में काफी फायदा होगा।

**कॉलेजों में भी शुरू होगी सुविधा** : वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन से विवि के रजिस्टर्ड होने के बाद कॉलेजों को भी फ्री जर्नल की सुविधा मिलेगी। अभी यह विवि में शुरू होगी। बाद में कॉलेज की लाइब्रेरी में जाकर भी छात्र रिसर्च जर्नल पढ़ सकेंगे। कॉलेजों को भी रिसर्च जर्नल के लिए यूजर व आईडी व पासवर्ड दिया जाएगा। इसके बाद छात्र वहां के जर्नल को खोल सकेंगे।

### केंद्र सरकार की पहल

- एमआईटी भी जुड़ी योजना से, एमटेक के छात्रों को प्रोजेक्ट को पूरा करने में होगा फायदा
- अब तक अलग-अलग संस्थाओं से खरीदे जाते थे रिसर्च जर्नल
- रिसर्च जर्नल के लिए विवि को नहीं खर्च करने पड़ेंगे हजारों रुपये



### बीआरएबीयू की वेबसाइट पर डाला जाएगा लिंक

बीआरएबीयू के विकास अधिकारी ने बताया कि शोध के छात्रों को रिसर्च जर्नल के लिए बीआरएबीयू की वेबसाइट पर जाना होगा। वहां एक लिंक दिया जाएगा। इसी लिंक पर जाकर वे ऑनलाइन रिसर्च जर्नल देख सकेंगे। रिसर्च जर्नल देखने के लिए शोध के सभी छात्रों को एक आईडी व पासवर्ड दिया जाएगा। आईडी-पासवर्ड को वेबसाइट पर डालने के बाद ऑनलाइन रिसर्च जर्नल खुल जाएगा।

### आईआईटी खड़गपुर के क्लब में शामिल हुआ बीआरएबीयू

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय आईआईटी खड़गपुर की ओर से चलने वाले नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया क्लब में भी रजिस्टर्ड हो गया है। इस क्लब में अब तक 46 विश्वविद्यालय शामिल थे। बिहार विश्वविद्यालय 47वां विश्वविद्यालय है जो इस क्लब में शामिल हुआ है। इसमें शामिल होने के बाद छात्रों को आईआईटी खड़गपुर की ओर से हिंदी और अंग्रेजी में मुफ्त स्टडी मैटेरियल मिल जाएंगी।

**'हिंदी समय' पर भी दिखेगा बीआरएबीयू** : बीआरएबीयू जल्द ही महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा की वेबसाइट सह ई लाइब्रेरी 'हिंदी समय' पर भी दिखेगा। हिंदी समय पर बीआरएबीयू को शामिल करने के लिए प्रस्ताव पास हो गया है। हिंदी समय पर जो भी सामग्री डाली जाएगी वह बिहार विवि को भी मुहैया होगी। बिहार विवि सूबे का पहला विश्वविद्यालय होगा जो हिंदी समय पर जुड़ेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 07.01.2025, PAGE-06

# दो मुकाबले जीतकर भी सेमीफाइनल में हार गई बिहार विश्वविद्यालय की टीम

- अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहली बार पहुंची थी टीम
- पंजाब के गुरुकाशी विश्वविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई आठ सदस्यीय टीम

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में हार गई।

सोमवार को दो मुकाबले में जीत दर्ज कर विश्वविद्यालय की टीम पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम को हार झेलनी पड़ी। रवीश कुमार और रामबाबू यादव हारकर बाहर हो गए। इससे पहले 57 किग्रा भार वर्ग के पहले मुकाबले में रवीश कुमार का मुकाबला जीयूजी कर्नाटक यूनिवर्सिटी के गोविंद सेन से था। रवीश ने मुकाबले को एकतरफा बनाते हुए प्रतिद्वंद्वी को 10-0 से हरा दिया। इसके बाद दिन के अपने दूसरे मैच में भी रवीश ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए एमयूपीआर यूनिवर्सिटी के मल्लिका राजेल को भी रवीश कुमार ने 8 - 4 से हरा दिया। जीत के साथ ही रवीश कुमार ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद 92 किलो भार वर्ग में मैच खेला गया। इसमें रामबाबू कुमार यादव ने गुना यूनिवर्सिटी के शेख शमीम को हरा दिया। यह अखिल भारतीय स्तरीय टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले टीम पहले या दूसरे राउंड के मुकाबले में ही हारकर बाहर हो जाती थी। वहीं कुश्ती संघ के दिलमोहन झा ने भी टीम की उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार टीम को बेहतर तैयारियों के साथ रवाना किया गया है। इससे पहले रविवार को भी खेले गए दोनों मुकाबलों में टीम ने जीत हासिल की थी। प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की आठ सदस्यीय टीम रवाना हुई है। प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब के गुरुकाशी विश्वविद्यालय में होगा।

## जीत का आशीर्वाद लेकर युवा महोत्सव के लिए रवाना हुई सांस्कृतिक टीम

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: ईस्ट जोन युवा महोत्सव 2024 - 25 के लिए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम सोमवार को जीत का आशीर्वाद लेकर रवाना हुई। कुलपति प्रो. डीसी राय ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने कहा कि सभी प्रतिभागी परिणाम की चिंता किए बगैर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक टीम की तैयारियों का पिछले दिनों अवलोकन किया। इस दौरान कलाकारों के दमदार प्रदर्शन से विश्वविद्यालय काफी उत्साहित है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह व प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने प्रतिभागियों को उत्साह बढ़ाया। विश्वविद्यालय की टीम 23 विधाओं में अपना दमखम दिखाएगी।



विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को रवाना करते कुलपति प्रो. डीसी राय • जागरण

इसमें संगीत की छह, नृत्य की दो, नाटक की चार, ललित कला की आठ, साहित्यिक की तीन विधाओं में टीम भाग ले रही है। मंगलवार को पहुंचने के साथ ही टीम प्रतियोगिता के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराएगी। बुधवार को मैनेजरों की मीटिंग के बाद सांस्कृतिक प्रोसेशन होगा। गुरुवार से प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. इंदुधर झा के साथ डा. महजबीं परवीन, अजय कुमार, डा. शिशशंकर मिश्रा, हारमोनियम वादक मुकुंद कुमार, तबला वादक कुंदन कुमार, पारकर्सन सुनील कुमार, नाल वादक शेखर सुमन, सुजीत कुमार, ललित कला प्रशिक्षक भी टीम में रवाना हुए हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:07.01.2025, PAGE04**


# विलंब शुल्क संग आज फॉर्म भरने की अंतिम तिथि

## 9 से होगी परीक्षा

- 1.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा मे होंगे शामिल

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से 9 जनवरी से स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी. अबतक फॉर्म भरने से वंचित छात्र-छात्राओं के पास मंगलवार को विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने का अंतिम मौका है. 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड आठ जनवरी को जारी होगा, जबकि पूर्व में फॉर्म भर चुके छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड पहले ही जारी किया जा चुका है.

इस परीक्षा में 1.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. इसको लेकर पांच जिलों में 56 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. इधर, तीन केंद्रों पर संगीत की प्रायोगिक परीक्षा 8 जनवरी तक चलेगी. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. सभी केंद्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर दिशा-निर्देश दिये गये हैं.

इधर, इस्ट जोन सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल होने वाले स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नौ छात्रों के लिए विशेष परीक्षा होगी. विवि की ओर से पहले इन छात्रों के लिए परीक्षा कार्यक्रम को रि-शेड्यूल करने की बात कही गयी थी, लेकिन बाद में निर्णय लिया गया है कि इनके लिए अलग से परीक्षा आयोजित की जायेगी.

## तीन जनवरी से होना था ऑनलाइन आवेदन, अब तक पीजी में दाखिले के लिए सक्रिय नहीं हुआ पोर्टल

- डीएसडब्ल्यू बोले- पोर्टल मे तकनीकी गड़बड़ी के कारण हुआ विलंब, मंगलवार से होने लगेगा आवेदन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से तीन जनवरी से ही पीजी सत्र 2024-26 मे दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन होना था. कुलपति की ओर से इसको लेकर अनुमति भी मिल चुकी है, लेकिन इसके तीन दिन बाद भी पोर्टल पर लिंक उपलब्ध नहीं हो सका है. इस कारण छात्र-छात्राएं परेशान हैं. अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ आलोक प्रताप सिंह से छात्रों ने इसकी शिकायत की है. उन्होंने बताया कि पोर्टल खुला था, लेकिन तकनीकी गड़बड़ी के कारण उसे ठीक करने मे समय लग गया है. सात जनवरी को सुबह से ही ऑनलाइन आवेदन का लिंक पोर्टल पर लाइव हो जाएगा. इसके बाद छात्र-छात्राएं उसके माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया कर सकते हैं. पीजी मे 11 हजार से अधिक सीटों पर दाखिले के लिए पोर्टल खोला गया है. इसी महीने नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर लेने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन पोर्टल खोलने मे हुए विलंब के कारण अब यह मुश्किल लग रहा है. 20 तक ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर आवेदन दिया जा सकेगा. इसके बाद स्नातक के अंकों के आधार पर मेधा सूची जारी की जाएगी. आवंटित कॉलेजों मे छात्रों को अनिवार्य रूप से नामांकन लेना होगा.

## बीआरएबीयू की कुश्ती टीम सेमीफाइनल में

**मुजफ्फरपुर.** गुरुकाशी विवि, भटिंडा पंजाब में चल रहे अखिल भारतीय अंतर विवि कुश्ती स्पर्धा में बीआरएबीयू की टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा. विवि की टीम 57 किलो भार वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंच गयी है. 57 केजी भार वर्ग में पहलवान रविश कुमार ने जीयूजी यूनिवर्सिटी के गोबिंद सेन को 10-0 से हरा कर शानदार शुरुआत की. रविश ने एमयूपीआर यूनिवर्सिटी के मल्लिका राजेल को भी पटखनी देकर चित्त कर दिया.



कोलकाता के लिए रवाना होने से पूर्व कुलपति से मिलने उनके आवास पर पहुंची बीआरएबीयू की सांस्कृतिक टीम.

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 07.01.2025, PAGE-04**

### इस्ट जोन युवा महोत्सव के लिए रवाना हुई बीआरएबीयू की टीम, खिलाड़ी बोले

# तैयारी पूरी, विवि को दिलाएंगे पदक

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम 38वें एआइयू इस्ट जोन युवा-महोत्सव- 2024-25 के लिए सोमवार को कोलकाता के लिए रवाना हो गयी.

सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय न्यू टाउन कोलकाता में 7 से 13 जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने हरी झंडी दिखाकर विवि की टीम को रवाना किया. उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया. कहा कि तनाव से दूर रहकर अपना बेस्ट परफॉरमेंस देना है. आपसब ने बेहतर तैयारी की है. इसलिए परिणाम निश्चित रूप से सकारात्मक होगा. अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो.आलोक प्रताप सिंह, कुलानुशासक प्रो विनय शंकर राय और डॉ पयोली ने भी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देकर विदा किया. विश्वविद्यालय की प्रतिभागिता 23 विधाओं में होगी.

संगीत की 6, नृत्य की 2, नाटक की 4, ललित कला की 8, साहित्यिक की 3 विधाओं में टीम भाग ले रही है. मंगलवार को विवि की टीम आयोजन स्थल पर पहुंचेगी. इसके बाद वहां प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन होगा. उनके आवासन की व्यवस्था होगी. 8 जनवरी को को मैनेजर्स मीटिंग के बाद सांस्कृतिक प्रॉशेशन होगा. इसमें टीम के सभी प्रतिभागी शामिल होंगे. 9 जनवरी से प्रतियोगिताएं आरम्भ होंगी. सांस्कृतिक समन्वयक प्रो.इन्दुधर झा के साथ डॉ महजबीं परवीन, अजय कुमार, डॉ शिवशंकर मिश्रा, हारमोनियम वादक, मुकुन्द कुमार, तबला वादक, कुन्दन कुमार, पारकर्सन, सुनील कुमार नाल वादक ,शेखर सुमन नाट्यनिर्देक , सुजीत कुमार, ललित कला प्रशिक्षक भी साथ में जा रहे हैं.

### एलएनटी कॉलेज के 10 प्रतिभागी टीम में शामिल

प्रतियोगिता में ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय मुजफ्फरपुर के 10 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं. प्राचार्य डॉ अभय सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं.कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की अन्य प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें अपने पसंद के क्षेत्र में चमकने के लिए प्रेरित करता है. बर्सर डॉ संध्या कुमारी, कला समन्वयक डॉ ममता कुमारी ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया.

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 07.01.2025, PAGE-02

कुलपति ने बढ़ाया हौसला • आठ जनवरी को होगा कल्चरल प्रॉसेशन, नौ से शुरू होगी प्रतियोगिता

# ईस्ट जोन युवा महोत्सव के लिए कोलकाता गई टीम

एजुकेशन रिपोर्टर | मुज़फ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम 38वें आल इंडिया यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन युवा महोत्सव के लिए सोमवार को सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय, न्यू टाउन कोलकाता गई। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने रवानगी के समय प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। कहा कि तनाव से दूर रहकर अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देना है। कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय ने भी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. आलोक प्रताप सिंह और डॉ. पयोली ने भी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देकर विदा किया। विश्वविद्यालय की प्रतिभागिता 23 विधाओं में होगी। संगीत की 6, नृत्य की 2, नाटक की 4, ललित कला की 8, साहित्यिक की 3 विधाओं में टीम भाग लें रही है। मंगलवार को कोलकाता पहुंचने के बाद प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन होगा और उनके आवासन की व्यवस्था होगी। 8 जनवरी को मैनेजर्स मीटिंग के बाद कल्चरल प्रॉसेशन होगा। इसमें टीम के सभी प्रतिभागी शामिल होंगे। 9 जनवरी से प्रतियोगिता शुरू होगी। सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. इंदुधर झा के साथ डॉ. महजबीं परवीन, अजय कुमार, डॉ. शीश शंकर मिश्रा, मुकुंद कुमार, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, शेखर सुमन, सुजीत कुमार टीम के साथ गए हैं।



कुलपति आवास से कोलकाता रवाना होने के लिए तैयार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम।

### युवा महोत्सव में गए प्रतिभागियों के लिए कराई जाएगी विशेष परीक्षा

युवा महोत्सव में शामिल होने कोलकाता गए सभी 9 प्रतिभागियों के लिए विश्वविद्यालय विशेष परीक्षा लेगा। स्नातक सत्र 2024-28 के इन छात्रों का चयन अलग-अलग इवेंट के लिए किया गया है। दिसंबर में टीम में इनके शामिल होने के बाद ही सांस्कृतिक समिति की ओर से परीक्षा विभाग को पत्र भेजकर कहा गया था कि 14 जनवरी के बाद परीक्षा का शेड्यूल जारी करें। इसके बाद भी 9 जनवरी से परीक्षा का कार्यक्रम तय हो गया, जिसके कारण ये प्रतिभागी असमंजस में थे। वहीं 46 सदस्यीय टीम से 9 प्रतिभागियों के छंट जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ने की आशंका थी। इसकी जानकारी कुलपति को भी दी गई। बताया जा रहा है कि परीक्षा विभाग इन छात्रों के वापस लौटने के बाद स्पेशल परीक्षा कराने को लेकर तैयारी में है।